हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# देवउठनी पर आज घर-घर होंगे तुलसी विवाह: अब गूंजने लगेगी शहनाइयां
## इस साल शादी के डेढ़ दर्जन मुहूर्त, तीन विशेष योग बना रहे एकादशी को खास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिवाली पर्व से ठीक 11 दिन बाद मनाए जाने वाली देवउठनी एकादशी आज देशभर में मनाई जाएगी। इस एकादशी के साथ ही शादियों का दौर भी शुरू हो जाएगा। आने वाले दिनों में इस साल शादी के करीब डेढ़ दर्जन मुहूर्त हैं। जिनमें जिलेभर में करीबन एक हजार शादियां होने का अनुमान है। वहीं आज आ रही देवउठनी एकादशी को तीन विशेष योग भी खास बना रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि धार्मिक दृष्टि से यह दिन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसके बाद से सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की देवोत्थान एकादशी पर श्रीहरि विष्णुजी निद्रा से जागते हैं। इस तिथि पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराया जाता है। देवउठनी एकादशी पर इस साल बेहद शुभ संयोग बन रहे हैं। ऐसे में शुभ मुहूर्त में श्रीहरि की पूजा करने वालों को मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होगी।

पंडितों के अनुसार देवउठनी एकादशी का काफी महत्व है। अंचल में इस पर्व को काफी श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाता है। घर-घर में विधि-विधान से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही घर-घर में तुलसी चौरा की साज-सजावट कर गन्ने का मंडप बनाकर विधि-विधान से भगवान शालीग्राम एवं तुलसी माता का विवाह रचाया जाता है। इस व्रत पर्व को छोटी दिवाली के रूप में भी मनाया जाता है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इस पर्व की धूम रहती है।

### देवउठनी को लेकर सजा बाजार, गन्ना-पूजन सामग्री सहित मिठाइयों की दुकानों में तैयारी

#### यह संयोग बना रहे खास

पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार एकादशी को तीन योग विशेष बना रहे हैं। बताया गया कि देवउठनी एकदशी में हर्षण योग बन रहा है। इसके साथ ही शाम के समय शिवयोग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही उत्तर भाद्रपद नक्षत्र का भी विशेष संयोग इस बार बन रहा है। एक साथ तीन योग बनने से इस एकादशी का महत्व बढ़ गया है।



#### गन्ने की डिमांड, 100 रुपए तक जोड़ा बाजार में दाम

आज गन्ने का मंडप बनाकर घरों में तुलसी विवाह कराया जाता है। यही कारण है कि आज के दिन गन्ने की सर्वाधिक मांग होती है। मांग को देखते हुए बाजारों में गन्ना भी पहुंच गया है। इस बार 60 रुपए से लेकर 150 रुपए तक गन्ना जोड़ा बाजार में उपलब्ध है। इसके अलावा पूजन सामग्री और फटाके की भी दुकानें चौक-चौराहों पर सज गई है।

#### जानिये कब है शादी के मुहूर्त

इस महीने शादी के लिए शुभ मुहूर्त की शुरूआत होने जा रही है। इस महीने की 17, 18, 23, 25, 26, 27, 28 तारीख को शादियां होंगी। इसी तरह दिसंबर महीने में 2, 3, 4, 6, 7, 10, 11, 14 को शुभ मूहर्त है। इसके बाद अगले साल 2025 में जनवरी महीने में 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 26, 27, फरवरी में 3, 4, 6, 7, 8, 14, 15, 16, 18, 20, 21, 23, 25, 26 एवं मार्च महीने में 1, 2, 3, 6, 7, 12, 13, 14 को शादी का मुहूर्त है।

### सरकार के आदेश के बाद पशोपेश में प्रशासन
# घुमका अब नपं, फिर से होगा जनपद पंचायत का परिसीमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही मांग के बाद राज्य शासन ने घुमका ग्राम पंचायत को अंततः नगर पंचायत का दर्जा दे दिया है। इधर घुमका को नगर पंचायत का दर्जा मिलने संबंधी राजपत्र के जारी होने के बाद प्रशासन को अब जनपद पंचायत का परिसीमन फिर से कराना होगा। वहीं जिला पंचायत के परिसीमन का अंतिम प्रकाशन नहीं होने के चलते यहां घुमका को विलोपित किया जा सकता है। हाल ही में की गई परिसीमन की प्रक्रिया में घुमका को शामिल किए जाने के चलते ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के दौरान घुमका ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की लगातार मांग के बीच भाजपा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि घुमका को शीघ्र ही यह सौगात मिल जाएगी। इस मांग को लेकर पिछले अक्टूबर माह में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात की थी। इस दौरान मंत्री श्री साव ने आश्वासन दिया था कि छह हजार की जनसंख्या वाले घुमका को शीघ्र ही यह सौगात मिल जाएगी। सूत्रों ने बताया कि राज्य शासन ने घुमका को नगर पंचायत का दर्जा देने संबंधी आदेश जारी कर दिया है। इधर इस आदेश के जारी होने के बाद प्रशासन को अब जनपद पंचायत का परिसीमन फिर से कराना होगा। परिसीमन की प्रक्रिया के दौरान घुमका को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक एक में शामिल किया गया था। वहीं घुमका के ग्राम पंचायत होने के चलते इसे जनपद पंचायत के परिसीमन में भी शामिल किया गया था। जिला पंचायत परिसीमन का अंतिम प्रकाशन कल होना है। वहीं जनपद पंचायत का अंतिम प्रकाशन हो गया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जिपं में घुमका को विलोपित कर प्रकाशन किया जाएगा। वहीं जनपद पंचायत का परिसीमन फिर से कराना होगा।

### जिपं में अंतिम प्रकाशन के पहले विलोपित करने की तैयारी



#### प्रक्रिया के बीच आदेश

पंचायत चुनाव को लेकर परिसीमन और नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया के बीच घुमका को नगर पंचायत बनाए जाने के चलते प्रशासन को अब जनपद पंचायत का परिसीमन जहां फिर से कराना होगा वहीं नगरीय निकाय चुनाव को लेकर वार्ड का निर्धारण और मतदाता सूची तैयार करने नए सिरे से प्रक्रिया शुरू करनी पड़ जाएगी। प्रशासन को अब शासन के आदेश का इंतजार है।इस पूरे मामले में कांग्रेस और भाजपा के नेताओं की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे है। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद डोंगरगढ़ विधायक ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं की वहीं भाजपा नेता भी नगर पंचायत के आदेश जारी कराने को लेकर चुप्पी साधे बैठे रहे।

#### सरकार की लापरवाही उजागर

इधर छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की अंधेरगर्दी को फिर से रेखांकित करते कहा कि जिला पंचायत के नवीन परिसीमन में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 के रूप घुमका को दर्शित किया है। वहीं घुमका सहित 30 ग्रामों को उस क्षेत्र में समाहित किया गया है। इससे यह साबित होता है कि घुमका प्रशासनिक दृष्टि में नगर पंचायत नहीं है या पंचायती राज के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण परिसीमन दोबारा कराना होगा।

## ड्यूटी पर जाने के लिए हो रही थी तैयार, साइलेंट अटैक आने से जूनियर डॉक्टर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जूनियर रेसीडेंट कैजुअल्टी के पद पर पदस्थ एक महिला डॉक्टर की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। महिला डॉक्टर रोजाना ही तरह नियमित ड्यूटी के लिए घर से मेडिकल कॉलेज जाने की तैयारी में थी। इस दौरान ही उनके सीने में दर्द उठना शुरू हुआ और कुछ मिनटों के भीतर ही वे अपने घर के बाहर ही गिर पड़ी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन आधे रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय गौरीनगर की रहने वाले दीपक ठाकुर की 29 साल की बेटी भाविका ठाकुर मेडिकल कॉलेज में बतौर जूनियर रेसीडेंस केज्युअल्टी में पदस्थ थी। आज सुबह निर्धारित समय पर वह अपने घर से मेडिकल कॉलेज जाने की तैयारी कर रही थी। अचानक उसे सीने में दर्द और बेचैनी महसूस हुई। इस दौरान वह घर के सामने ही गिर पड़ी। परिजन भाविका को मेडिकल कॉलेज ले जाने निकले, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। चिकित्सक भाविका ठाकुर की निधन से स्वास्थ्य महकमे में शोक का माहौल है। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक डॉ. पवन जेठानी, डॉ. प्रकाश खूंटे, डॉ. धनंजय ठाकुर, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष पीसी जेम्स, सतीश पदम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि देते शोक व्यक्त किया है।

#### यहीं बनी डॉक्टर


भाविका ठाकुर ने एमबीबीएस का कोर्स स्थानीय मेडिकल कॉलेज से ही किया। जिसके बाद उनका चयन हाल ही में पीजी कोर्स के लिए भी हुआ था। एमबीबीएस की डिग्री लेने के पश्चात वह मेडिकल कॉलेज में ही संविदा में कार्यरत थी। भाविका के पिता एक सरकारी स्कूल के प्राचार्य हैं। कुछ साल पहले भाविका की माता स्व. माधुरी ठाकुर का भी असमय निधन हो गया था। माधुरी ठाकुर भी जिला चिकित्सालय में लैब टेक्निशियन के पद पर पदस्थ थी।


### माय एंगल




## डीजे का एम्लीफायर चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**छुईखदान।** गोदाम में रखे डीजे का 3 नग एम्लीफायर चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुईखदान के अपराध धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते विवेचना के दौरान 10 नवंबर को प्रकरण आरोपी तेजराम विश्वकर्मा 22 साल साकिन कुरलू, गोविंद वर्मा 19 साल साकिन पथर्रीकला के कब्जे से 3 एम्लीफायर मशीन जुमला कीमती 95,500 रुपए बरामद किया गया।









**उत्सव : गौमाता राष्ट्रमाता महोत्सव में 51 हजार दीपों से देवालय की भव्य रोशनी की जाएगी**

# 51 हजार दीपों से जगमगाएगा प्रभु श्रीराम जानकीरमण देवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कार्तिक माह शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि पर प्रभु श्रीराम जानकी रमण देवालय कचहरी पारा कवर्धा में भव्य देव दीपावली महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर दंडी स्वामी श्रीमज्योतिर्मयानंद की उपस्थिति में विशेष पूजा-अर्चना और कार्यक्रम किया जाएगा। उमंग पांडेय ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से देव दीपवाली महोत्सव का शानदार आयोजन किया जाता हैं।

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भव्य तैयारियां हिन्दू सनातनी भाई-बहनों ने की हैं। इस बार गौमाता राष्ट्रमाता महोत्सव में 51 हजार दीपों से देवालय की भव्य रोशनी की जाएगी। कवर्धा जिले की समस्त सनातनी महिलाएं एकत्रित होकर अपने-अपने घरों से 21-21 दिया लेकर आएंगी। नगर पालिका सभापति उमंग पांडेय एवं स्मृति उपाध्याय की नेतृत्व में यह आयोजन सनातनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उनकी पहल से कवर्धा की हजारो सनातनी महिलाएं एकत्रित होकर देव दीपावली मनाएंगी। यह आयोजन समाज में एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## 15 नवम्बर को देव दीपावली, दीपदान व पूजन का शुभ मुहूर्त



कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि का आरंभ 15 नवंबर को सुबह 06 बजकर 21 मिनट पर होगा और अगले दिन 16 नवंबर को सुबह 3 बजे समाप्त होगा। ऐसे में 15 नवंबर को देव दीपावली मनाया जाएगा। वही इस दिन लाभ मुहूर्त रात 08 बजकर 46 मिनट से लेकर रात 10 बजकर 26 मिनट तक है। वहीं शाम को 05 बजकर 08 मिनट से रात 07 बजकर 47 मिनट तक प्रदोष काल पूजा का शुभ मुहूर्त है।

# पीएम व सीएम की योजनाओं के साथ झारखंड में भाजपा के संकल्पों को जन-जन तक पहुंच रही विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

झारखण्ड में 13 व 20 नवम्बर को दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। जिस पर भाजपा भी पूरे ताकत के साथ अपने प्रचार में जुटी हुई हैं तो वहीं छत्तीसगढ़ से भी प्रवासी प्रभारी के रूप में विधायकों, सांसदों व शीर्ष नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई। जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को पूर्वी सिंहभूमि और जमशेदपुर महानगर जिला अंतर्गत बहरागोड़ा घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा के प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी हैं।



जिम्मेदारी मिलते ही विधायक श्रीमती भावना बोहरा लगातार सभी विधानसभा में लगातार जनसंपर्क कर रहीं हैं, उसके साथ ही पंडरिया विधानसभा की जनता से भी लगातार संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहीं हैं। विधायक द्वारा लगातार सभी समाजों के प्रतिनिधियों व सदस्यों तथा समाज सेवी के साथ मिलकर एनडीए गठबंधन के लिए समर्थन जुटा रहीं हैं। वहीं योगी आदित्यनाथ की आम सभा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो के साथ ही केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के साथ भी उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के संकल्पों की जानकारी उन्हें दी।

विधायक सभी मंडलों व बूथ में जाकर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ बैठक कर स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा कर रहीं हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार में जनहित की योजनाओं, विकास कार्यों एवं भाजपा के संकल्पों को जनता तक पहुंचाकर भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटा रहीं हैं। इसके साथ ही वे अलग-अलग समाज के प्रमुखों और पदाधिकारियों के साथ भी भेंटकर सामाजिक विषयों पर चर्चा कर भाजपा के समर्थन में अपील कर रहीं हैं। पार्टी एवं संगठन द्वारा मिले दायित्वों का भावना बोहरा पूरी कर्मठता से पालन कर रही हैं तो वहीं भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचा रही हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार के अवसर, किसानों को आर्थिक रूप से संबल देने के साथ ही आदिवासियों के लिए मुख्यमंत्री योजनाओं के साथ ही झारखण्ड में भाजपा के संकल्प की भी जानकारी उनके द्वारा लगातार दी जा रही है। इसके साथ ही विधायक श्रीमती बोहरा द्वारा लगातार प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों के साथ भी चर्चा करते हुए एनडीए द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र के जानकारी भी आमजनों तक पहुंचा रही है। उन्होने बताया कि झारखण्ड प्रदेश हेतु गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जारी किए गए संकल्प जिसमें प्रमुख रूप से गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 21 सौ रुपए की आर्थिक सहायता, 21 लाख परिवारों को आवास एवं मुफ्त बालू, लक्ष्मी जोहार योजना के तहत 500 रुपए में गैस सिलेंडर, युवाओं के लिए 5 लाख स्वरोजगार एवं 2.87 लाख सरकारी पदों पर भर्ती के साथ ही करियर में मदद के लिए प्रति माह 2 हजार रुपए देने की घोषणा की है। शिक्षा के क्षेत्र में बीएड, नर्सिंग और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु सरकारी संस्थानों में निःशुल्क शिक्षा, आदिवासी संस्कृति को पुनर्स्थापित करने सिद्धो-कान्हो शोध केंद्र की स्थापना, गरीब बेटियों को केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा, किसानों के कल्याण हेतु 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने जैसे संकल्प किए हैं जिन्हें हम जरुर पूरा करेंगे।

### कांग्रेस के साथ गठबंधन में सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार और घोटाले के आरोपः भावना

भावना बोहरा ने कहा कि आज झारखण्ड की भी वही हालत है जो कांग्रेस सरकार के शासन में छत्तीसगढ़ की थी। सोरेन सरकार ने झारखण्ड में योजनाएं केवल कागजों पर ही रह गई। कांग्रेस के साथ गठबंधन में सोरेन सरकार ने जितनी घोषणाएं की थी उससे ज्यादा उन पर भ्रष्टाचार और घोटाले के आरोप हैं। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमीं घोटाले में जेल जा चुके हैं। सोरेन सरकार में मंत्री रहे आलमगीर आलम के करीबी के घर से पैसों का पहाड़ बरामद हुआ है। लेकिन भाजपा का संकल्प पत्र झारखंड के विकास के लिए है, जो काम झामुमो-कांग्रेस-राज की सरकार ने नहीं किया, वह भाजपा करेगी। जिस प्रकार हमने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने देश को उन्नति के नक्शे कदम पर आगे बढ़ाया है वसै ही हम झारखंड को अग्रसर करेंगे। आज जनसंपर्क के दौरान सोरेन सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश स्पष्ट देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मां काली की महाआरती में 1 लाख 51 हजार दीप प्रज्ज्वलित की गई



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में मां काली कात्यायनी उत्सव समिति द्वारा आंवला नवमी एवं कन्या भोज के शुभ अवसर पर पं शिवानंद तिवारी, पं सागर तिवारी के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय पुरस्कार हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम जिला कार्यकारिणी सदस्य दीपक चंद्राकर द्वारा तथा तृतीय पुरस्कार मुरली कश्यप द्वारा साथ ही साथ संध्याकालीन में 1 लाख 51 हजार दीप प्रज्जवलित कर मां काली की महाआरती किया गया, जिसमें पं शिवानंद तिवारी व पं सागर तिवारी के कथनानुसार जो व्यक्ति श्रद्धा और भक्ति भाव से समर्पित भाव से पूजा पाठ करते हैं उनके सारे दुःख और पाप तथा जीवन की परेशानी दूर हो जाती है साथ ही साथ घर-परिवार तथा गांव में खुशहाल एवं सुख समृद्धि होता है। श्री तिवारी ने बताया कि सोच और विचार तथा उनका सिद्धांत लोक कल्याणकारी है इस भव्य दिव्य महाआरती में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी की उपस्थिति में मां काली कात्यायनी उत्सव समिति पेंड्रीकला पदाधिकारी की सराहनीय भूमिका रही।

### लवन सिंह कंवर बने प्रांतीय सचिव

**हरिभमि कवर्धा।** शासन से मान्यता प्राप्त संगठन छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांतीय प्रबंध कार्यकारिणी के विस्तार हेतु प्रांतीय बैठक कंवर भवन टाटीबंध रायपुर में रविवार को आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, प्रांतीय महासचिव तिरु नकुलराम चंद्रवंशी तथा प्रांतीय कोषाध्यक्ष ललित मोहन भगत ने संयुक्त रूप से सभी जिला अध्यक्षों के सुझाव को ध्यान रखते हुए अपने नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया l प्राप्त जानकरी के अनुसार जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी में जिले से लवन सिंह कंवर को प्रमोट करते हुए प्रांतीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। लवन सिंह कंवर को प्रांतीय सचिव बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी ने बधाई प्रेषित किया साथ ही जिला संगठन ने प्रांताध्यक्ष, प्रांतीय महासचिव व कोषाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। लवन सिंह कंवर को समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।



# एसडीएम को विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा इकाई पंडरिया ने सोमवार को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव सहित सभी विभागीय सचिव के नाम अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया के माध्यम से विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से मोदी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर, समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किए जाने, समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 186 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करने एवं भारत सरकार द्वारा 02 सितम्बर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किए जाने व उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू ए /261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति-समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश करने शिक्षक व कर्मचारियों को केन्द्र के बराबर 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जाने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर मंहगाई भत्ते के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाता में जमा करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लाक संचालक मोहन राजपूत, बलदाऊ चन्द्राकर व सुरेश ठाकुर सहित क्षेत्रवासी गण उपस्थित थे।

# सड़क के बीचों-बीच सरसों तेल से लदा ट्रक का जला अवशेष दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण



- आवागमन में भारी दिक्कतें, राहगीर परेशान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाइवे-30 मार्ग में विगत दिनों सरसों तेल से भरी ट्रक ग्राम सिंघनपुरी के पास अज्ञात कारणों से आग के हवाले हो गई थी जो वर्तमान में अभी तक ट्रक का जला हुआ अवशेष नेशनल हाइवे के बीचों बीच होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक का जला अवशेष सड़क के बीचों बीच होने के कारण छोटे बड़े सड़क दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। जिस पर ग्रामीणो व राहगीरों द्वारा विभागीय अधिकारियों व शासन प्रशासन से ट्रक का जला अवशेष को किनारे किए जाने की अपील की गई ताकि ग्रामीणो व राहगीरो को आवागमन सुगम हों सकें।

## 7 लाख 40 हजार से सीसी रोड़ का किया भूमिपूजन



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत घुघरीकला के आश्रित ग्राम खुंटू में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयास से 7 लाख 40 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिभूजन कार्यक्रम किया गया। जिसमें भाजपा जिला महामंत्री संतोष पटेल, अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल चंदन पटेल, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष पंचराम कोसले, ग्राम सरपंच राजकुमार जांगडे, महेतरू निषाद, कन्हैया दास जांगडे, रामशरण, परस जांगडे, भागवत, सुखनंदन निषाद सहित ग्राम खुंटू के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थें

मकान किराये से देना/बेचना है
शहर के मध्य सर्व सुविधा युक्त/आंगन युक्त मकान शीतला वार्ड, कवर्धा शहर मे बड़े परिवार हेतु किराये से देना है/ बेचना है।
(मकान नजूल से फ्री होल्ड है)
शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता
मो. 7898902030

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण व समाज में जन जागरूकता लाने का संकल्प लिया

## महिला साहू समाज का शपथ ग्रहण व दीपावली मिलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में साहू समाज महिला प्रकोष्ठ कवर्धा ग्रामीण का शपथ ग्रहण और दीपावली मिलन समारोह दानवीर भामाशाह परिषर में हर्सोल्लास के साथ मनाया। महिला साहू संघ मीडिया प्रभारी संगीता साहू ने बताया कि बीते 10 नवंबर को तय कार्यक्रम के अनुसार नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण एवं समाज में जन जागरूकता लाने का संकल्प लिया। साथ ही साथ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकुमारी साहू ने महिलाओं को एकत्रित रहने और समाज की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, हमें एकत्रित रहना चाहिए और समाज की प्रगति के लिए काम करना चाहिए। तहसील अध्यक्ष मनीषा साहू ने कहा हमारा उद्देश्य समाज में जन जागरूकता लाना और महिलाओं को सशक्त बनाना है। वही तहसील ग्रामीण अध्यक्ष गौरी साहू ने कहा समाज के विकास के लिए हमें एकत्रित रहने और समाज की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध रहना होगा हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन तहसील साहू संघ कवर्धा नगर की अध्यक्ष मनीषा अनिल साहू एवं तहसील साहू संघ कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष गौरी रामचंद्र साहू द्वारा नियुक्त किए गए पदाधिकारी को शपथ मुख्य रूप से कार्यक्रम की संचालिका पद्मिनी साहू जिला महामंत्री द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शहर और ग्रामीण तहसील की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी साहू, विशिष्ट अध्यक्ष अतिथि श्रीमती विद्या साहू, श्रीमती संतोष साहू, श्रीमती रिंकेश्वरी साहू, श्रीमती सीमा साहू, श्रीमती आरती साहू, श्रीमती प्रतिमा साहू, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती रेखा साहू व श्रीमती कौशिल्या साहू उपस्थित थी। वही साहू संघ जिलाध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी ने नवनियुक्त महिला प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी को बधाई दी।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट • कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) • स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छिरहा में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन

**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल-छिरहा में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री व भारत रत्न मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की जयंती 11 नवम्बर को हमारे देश में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुवात 11 नवम्बर 2008 को किया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और सभी को शिक्षा के मुख्य धारा में शामिल करना है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2024 का थीम समावेशी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा है। इस अवसर पर प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### गोछिया में जन समस्या निवारण शिविर 13 को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन समान्य प्रशासन एवं जन शिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहसपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोछिया में 13 नवंबर 2024 को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 25 गांव शामिल है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदेश जारी कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोछिया में 13 नवंबर 2024 को आयोजित शिविर में ग्राम कुम्हारदनिया, कारेसरा, चारभांटा, गांगीबहरा, राजपुर, अचानकपुर, सिंघनपुरी, गोछिया,बगबई, सेमरिया, खैरझिटी, गोरखपुर कला, कुंआ, बंधी, सिघौरी, गैंदपुर, दानीघटोली, धरमगढ़, भाठकुण्डेरा, सुरजपुरा, कोहड़िया, रामुपर ठाठापुर, ढोरली, हरदी, गोरखपुर खुर्द सहित कुल 25 ग्राम शामिल।

### कवर्धा शिविर में 822 दिव्यांगजनों का पंजीयन



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए एलिम्को अधिकृत विक्रय एवं सेवा केन्द्र आसरा-रायपुर के माध्यम से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मुल्यांकन शिविर का 09 नवंबर को पीजी कॉलेज डोम (इन्डोर स्टेडियम) में किया गया। दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाएं जाने नवीनीकरण एवं यूडीआईडी पंजीयन के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, यूडीआईडी पंजीयन शिविर का आयोजन 10 बजे से सायं 05 बजे तक किया गया। शिविर में कुल-822 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। शिविर में पंजीयन एवं अन्य कार्य के लिए जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवों, स्व. श्रीमती सुधादेवी स्मृति नर्सिंग महाविद्यालय, कवर्धा के विद्याथियों एवं कबीर वालेंटिर्स का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है।

### झिरौनी में निःशुल्क सायकल वितरण

**कवर्धा।** कक्षा 9 वीं के नवप्रवेशी बालिकाओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत 56 सायकल वितरित किया गया इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवशंकर सिन्हा, सरपंच राजू कौशिक जनपद सदस्य गणेश धुर्वे, दाऊ अंबिका चंद्रवंशी, नीलांबर चंद्राकर, मुन्ना चंद्रवंशी, मनोज दिलीप, दीप भाईराम यादव नागरिक तथा विद्यालय प्राचार्य डॉ. संतोष चंद्रवशी सहित पालकगण तथा छात्राएं उपस्थित थी।

**नुकसान:** कर्ज लेकर ली गई थी धान की फसल, अज्ञात कारणों से लगी आग

# धान की फसल में लगी आग पूरी फसल जलकर हुई राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सारी निवासी एक किसान की धान की खरही से भरी ट्रैक्टर ट्राली में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अचानक आग लग गई। जिससे पीड़ित किसान को अच्छा खासा नुकसान उठाना पड़ गया। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर धान खरही में आग कैसे लगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सारी निवासी कृषक भगोली साहू अपनी धान की फसल कटाई कर उसे ट्रैक्टर ट्राली में भरकर मिसाई के लिए रविवार की रात करीब 11.00 बजे घर लेकर आया था और भोजन कर घर में सो गया था। बताया जाता है कि श्री साहू फसल को टैक्टर ट्राली से उतार भी नहीं पाया था कि रविवार-सोमवार की दरमियानी रात धान की खरही में अज्ञात कारणों से आग लग गई।

रात करीब 3.00 बजे जब उनका पड़ोसी शौच क्रिया के लिए उठा और घर से बाहर निकला तो उसने ट्रैक्टर ट्राली में रखी धान को धू-धू कर जलते देखा। जिसकी जानकारी उसने तत्काल भगोली साहू को दी। लेकिन जब तक भगोली साहू और ग्रामीण आग पर काबू पाने के इंतजाम कर पाते आग में धान की फसल नष्ट हो चुकी थी। इस अग्नी दुर्घटना में पीड़ित किसान को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसान ने बताया कि उसने कर्ज लेकर धान की फसल ली थी। अभी तक इस बात की जानकारी नहीं हो पाई है कि ट्रैक्टर ट्राली में भरी धान की खरही में आग कैसे लगी। क्योंकि घटना स्थल पर न तो करंट प्रवाहित विद्युत तार है और न ही शार्ट सर्किट की कोई संभावना। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि यह किसी शरारती तत्व की करतूत हो सकती है। बहरहाल पीड़ित किसान ने घटना की जानकारी सहसपुर लोहारा पुलिस को दे दी है। लेकिन अभी तक पुलिस कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।





### पीड़ित किसान को शासन-प्रशासन से मुआवजे की उम्मीद

किसान ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद उनके द्वारा फायर ब्रिगेड को आग लगने की घटना की सूचना दी गई थी लेकिन फायर बिग्रेड के आने से पहले ही आग से पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। उन्होने बताया कि पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। किसान का कहना है कि अब उसके पास ना ही सालभर खाने के लिए अनाज बचा और ना ही कर्ज चुकाने के लिए पैसा। किसान ने अब शासन प्रशासन से उम्मीद लगाई है ताकि फसल का मुआवजा मिल जाए तो वह किसी तरह परिवार का भरण पोषण कर सके।

# निकाय कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल आज से

- शासन के समक्ष रखी तीन सूत्रीय मांगे, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा नगरीय निकायों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। जिसके तहत अपनी मांगो को लेकर व संघ के आव्हान पर नगर पालिका के नियमित कर्मचारी 12 नवंबर से 14 नवंबर तक 3 तीन दिवस तक बिलासपुर स्थित नेहरू चौक विकास भवन में हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल अवधि में निकाय के कार्य बंद रखेंगे। इसके बाद भी शासन द्वारा मांगे पूरी नहीं की जाती है तो सभी अधिकारी कर्मचारी अनिश्चित क़ालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बद्रीराम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ से प्राप्त निर्देश के परिपालन एवं नगरीय निकाय की महासंघ बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार हड़ताल में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल में जाने की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा गया है। संघ ने शसान के समक्ष मुख्य रूप से नगरीय निकायो में प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से किए जाने, नगरीय निकायों में ठेका प्रथा बंद हो व 10 वर्ष सेवा पूर्ण करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण किए जाने, नगरीय निकाय में अन्य विभाग की भांति ओल्ड पेंशन लागू किए जाने, नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों के मृत्यु उपरांत परिवारजनो को संभाग स्तर में रिक्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने, संभाग स्तर में रिक्त पद पर पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र किए जाने एवं छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि का भुगतान की स्वीकृति प्रदान किए जाने की मांग की है।

# आठ दिन बाद भी नहीं मिली गायब रायफल व कारतूस

## डॉग स्काट लेकर तलाश में जुटी कोतवाली पुलिस

- सरेखा के 17 वीं बटालियन से गायब हुई थी रायफल व कारतूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्राम सरेखा के 17 वीं बटालियन कैम्प से बीते आठ दिन पूर्व गायब हुई इंसास रायफल व 20 नग जिंदा कारतूस का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हालांकि पुलिस प्रशासन लगातार तलाशी में जुटी है लेकिन अभी तक इसका कोई अतापता नहीं लग पाया है। गौरतलब है कि गत 3 नवम्बर को सरेखा 17 वीं बटालियन कैम्प से अचानक एक नग इंसास रायफल व 20 नग जिंदा कारतूस गायब हो गए थे। जिसकी जानकारी कैम्प प्रभारी को होने के बाद उन्होने तत्काल इसकी रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि तब से लेकर अब तक पुलिस प्रशासन लगातार इसकी तलाश कर रही है। वहीं कैम्प में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों से भी इसके संबंध में पूछताछ की जा रही है लेकिन पुलिस को गायब इंसास रायफल व 20 नग जिंदा कारतूस के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। खबर के मुताबिक पुलिस टीम इंसास रायफल व 20 नग जिंदा कारतूस की तलाश के लिए डॉग स्कॉट की भी मदद ले रही है और कैम्प के आसपास के ईलाकों में तलाशी अभियान चला रही है लेकिन सफलता हांथ नहीं लग रही है। ऐसे में बड़ा सवाल यहीं उठ रहा है आखिर इतनी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था वाले 17 वीं बटालियन कैम्पर इंसास रायफल व 20 नग जिंदा कारतूस गए तो कहां गए।

# शिक्षकों ने एसडीएम को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन




- मांग में पूर्व सेवा गणना सहित पांच मुद्दे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लॉक संचालक केशलाल साहू, अमित मिश्रा एवं लोकेंद्र चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कवर्धा ब्लॉक के शिक्षकों ने अनुविभागीय अधिकारी अनुपम आशीष टोप्पो के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग व वित्त विभाग के सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के नाम ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों के पांच सूत्रीय मांगों का समाधान करने की मांग किया। ज्ञापन में शिक्षक एलबी संवर्ग के पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, वेतन विसंगति दूर करने तथा केंद्रीय कर्मचारियों की तरह देय तिथि से लंबित तीन प्रतिशत मँहगाई भत्ता व एरियर्स राशि देने की मांग शामिल है। इस दौरान प्रमुख रूप से शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा, आसकरण धुर्वे, उमेश चन्द्रवंशी, एल्विना विल्सन, मुनव्वर बेग, संतोष शर्मा, भूपेंद्र जाटवर, राजेन्द्र निर्मलकर, जलेश्वर साहू, रमेश साहू, परशोत्तम, केशलाल साहू, राजेन्द्र शर्मा, चंद्रप्रकाश, भूपेंद्र साहू, अरविंद कुंजाम, राजेन्द्र तलवारे, चंद्रहास वर्मा, सतीश दुबे, हर्षन जायसवाल, गोपाल चन्द्राकर, हितेंद्र सोम, रामसिंह धुर्वे आदि उपस्थित थे।

### सभी ब्लाक में सौंपा गया ज्ञापन

जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि शिक्षक संवर्ग के मांगों को लेकर जिले के चारो ब्लॉक मुख्यालय कवर्धा, बोड़ला, स.लोहारा व पंडरिया में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है।

### शिक्षक मोर्चा की आगामी रणनीति

शिक्षक मोर्चा के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी ने मोर्चा के आगामी रणनीति के संबंध में बताया कि 12 से 24 नवम्बर के बीच मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, जिला, जनपद व ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को मांग पत्र दिया जाएगा। इसके बाद 25 नवम्बर को प्रदेशभर के पदाधिकारी नवा रायपुर के इंद्रावती से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

# नगर के वार्ड 20 में 28 लाख 66 हजार में बनेगी सीसी रोड

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से मिली सीसी रोड निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




कवर्धा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत राधाकृष्ण वार्ड क्रमांक 20 में सोमवार को अधोसंरचना मद अंतर्गत 28 लाख 66 हजार की लागत से निर्मित होने वाले सीसी रोड़ का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, वार्ड क्रमांक 20 पार्षद मनीषा अनिल साहू, शहर मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व वार्डवासियों की उपस्थिति थे। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए वार्ड पार्षद श्रीमती मनीषा अनिल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से वार्डो में विकास की गंगा बह रही है। इसी कड़ी में नगर के वार्ड क्रमांक 20 में 28 लाख 66 हजार रूपए की राशि सीसी रोड़ निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है। जिसका आज वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होने बताया कि इस स्वीकृत राशि से वार्ड क्रमांक 20 में नानू सोनी के घर से मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण, संतोष सतनामी के घर से ललित लहरे के घर तक सीसी रोड निर्माण, अजय पाली के घर से पास सीसी रोड निर्माण, बिसेन हॉस्पिटल के बगल से रामकुमार सिन्हा के घर तक सीसी रोड निर्माण, कुमारी चंद्रवंशी के घर पास हाफ राउंड नाली निर्माण, घनश्याम सोनी के घर से इकलाख खान के घर तक आरसीसी नाली निर्माण, अन्नू ठाकुर के घर से मेन रोड तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण, हैदर किराना से जमात मंदिर तक सीसी रोड निर्माण, सुलभ के पास सीसी रोड निर्माण तथा यादव भवन से सोसायटी तक सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा। वार्डवासियों ने इन स्वीकृत इन विकास एवं निर्माण कार्यो के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पार्षद मनीषा अनिल साहू के प्रति आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सुशील तिवारी, किशोर खुराना, सुनील साहू, हरीश साहू, अरुण यादव, वनीत छाबड़ा, अविनाश छाबड़ा, मुकेश यादव एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### बेटियां रचेंगी कबड्डी में नया इतिहास

**कवर्धा।** सुदूर वनांचल क्षेत्र की 12 बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया है। कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित ग्राम खेल समिति के माध्यम से इन बालिकाओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने खेल कौशल और समर्पण का परिचय दिया है। यह चयन उनके दृढ़ निश्चय और लगातार प्रयासों का प्रतीक है, जो खेल के प्रति उनके जुनून को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी है और उनके उत्साहवर्धन के लिए पुलिस विभाग द्वारा निःशुल्क वाहन व्यवस्था की घोषणा की, ताकि ये खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेझिझक और सुविधाजनक रूप से भाग ले सकें। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि यह चयन न केवल आपकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि आपके क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं की पहचान को भी उजागर करता है। श्री सिंह ने सभी खिलाड़ियों से अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया। इन खिलाड़ियों के चयन से वनांचल क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण मानते हुए कबीरधाम पुलिस और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का मानना है कि पुलिस विभाग के सहयोग और मार्गदर्शन से क्षेत्र के बच्चों में आत्मविश्वास और खेल के प्रति रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वनांचल क्षेत्र के निवासियों ने कबीरधाम पुलिस के इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि पुलिस विभाग की इस पहल से खेल और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह और उनकी टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पुलिस विभाग के प्रयास न केवल खेलों में, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के अन्य क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व सुधार ला रहे हैं। पुलिस विभाग के इस सहयोग से वनांचल क्षेत्र में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ है, जो नई पीढ़ी को खेल और शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है।

**धमतरी में राज्य स्तरीय ओपन कराटे स्पर्धा में मिली सफलता**

# कराटे खिलाड़ियों ने जीते 7 स्वर्ण, 5 रजत, 1 कास्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिले में युवा खिलाड़ी लगातार अपनी मेहनत, लगन तथा खेल प्रतिभा के दम पर नित नई ऊंचाइयों को हांसिल कर जिले, प्रदेश व देश का नाम रौशन कर रहे है। इसी कड़ी में 9 एवं 10 नवंबर को धमतरी जिले में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन कराटे प्रतियोगिता में कवर्धा शहर के 16 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन कर 7 स्वर्ण, 5 रजत, एवं 1 कास्य पदक जीता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाडियों में तेजश्वत यादव, फाइज रजा बेग,वीरेंद्र खुसरे,भव्य श्रीवास, मिली सोनी, मधुरी यादव ने प्राप्त किया है। इसी प्रकार फाइज रजा बेग (काता), प्रायूष भुआर्य, दुर्गेश खुसरे, अंशिका चंद्रवंशी, दिव्यांसी कुसरों ने द्वितीय तथा आदवीक राय ने तृतीस स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा खिलाड़ी वैभव साहू, आदित्य मिरी, विहान दास, सुधांशु चंद्रवंशी, माही केराम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग के आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों के चयन पर कबीरधाम जिला कराते संघ के पदाधिकारी, अभिभावक एवं सभी खिलाड़ियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# भारतीय किसान संघ ने दस सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भारतीय किसान संघ ने गत दिनो ग्राम दशरंगपुर में एक आवश्यक बैठक आयोजित कर किसानो की विभिन्न समस्याओं एवं मार्गो पर चर्चा कर सर्वसम्मति से 10 बिंदुओं पर कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग कवर्धा को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में संघ से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में मुख्य रूप से सरोधा मुख्य नहर हीरापुर से दुल्हार जलाशय बहरमुड़ा तक नया नहर निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करने, लिटीपुर तालाब बांधा से नया नहर निर्माण कार्य कराए जाने, सरोधा मुख्य नहर 18 किलो मीटर से 23 किलो मीटर तक नहर के गाद मिट्टी साफ सफाई व मरम्मत तथा कुलापा लगाने, खपरी डिस्ट्रीब्यूटरी एवं नवागांव डिस्ट्रीब्यूटरी नहर के 0 मीटर से 6 किलो मीटर तक गाद/मिट्टी साफ सफाई व मरम्मत कार्य कराए जाने, नवागांव डिस्ट्रीब्युटरी में 5 किलो मीटर बिटकुली से नवागोन (सीनपुरी) 10 किलो मीटर तक नहर पक्कीकरण व पुलिया निर्माण कार्य कराने, खपरी डिस्ट्रीब्यूटरी से नवघटा से खपरी तक नहर पक्कीकरण व पुलिया निर्माण कराने, बाधामुड़ा माइनर एवं लिटीपुर डिस्ट्रीब्यूटरी तथा सरोधा मुख्य नहर के 21 किलो मीटर से नहर खडसरा तक नहर पक्कीकरण व पुलिया निर्माण कार्य कराने, गोपालभावना माइनर बिटकुली खुर्द माइनर नहर पक्कीकरण कराने तथा सकरी डायवर्सन नेवारी के बॉडीवॉल ऊंचा किए जाने की मांग को लेकर शासन के नाम विभाग को ज्ञापन सौंपा है।

## सीएसपी ने पुराना बस स्टैंड स्थित दिगम्बर लॉज में की छापेमार कार्रवाई

# लॉज में देह व्यापार, पुलिस की दबिश संचालक सहित तीन लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित एक लॉज में देह व्यापार की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर लॉज संचालक सहित तीन आरोपी के विरूद्ध पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से हडकंप मच गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि पुराना बस स्टैंड राजनांदगांव के पास स्थित दिगम्बर लॉज में लॉज के संचालक द्वारा अनैतिक देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। इस सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल एवं सायबर स्टाफ तथा थाना कोतवाली स्टाफ की संयुक्त रूप से टीम गठित कर मौका पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई।



### बड़े होटलों में भी चल रहा अवैध कारोबार

पुलिस द्वारा लंबे अरसे बाद लॉज में की गई इस कार्रवाई के बाद अब शहर सहित नेशनल हाईवे में स्थित बड़े होटलों में चल रहे देह व्यापार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के भी संकेत मिल रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ नामी होटलों में पिछले लंबे समय से देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। लोगों द्वारा इस आशय की शिकायत किए जाने के बाद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इन बड़े होटलों में देह व्यापार के साथ-साथ मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से अवैध शराब लाकर उसे बेचा भी जा रहा है।

### आपत्तिजनक स्थिति में मिले

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी प्रीमन जैन उर्फ अप्पू 42 वर्ष निवासी केशर नगर, कुणाल शर्मा 18 वर्ष 8 माह निवासी वार्ड नं. 6 चिखली, रीतिक रोड 18 वर्ष 5 माह निवासी ग्राम नमन जिला पानीपत हरियाणा को लॉज के अंदर तीन महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाए जाने पर धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 सीट अधिनियम पूर्ननिर्मित के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपियों के कब्जे से 6 नग स्क्रीन टच मोबाइल कीमती 60000 रुपए, नगदी रकम 4400 रुपए एवं आपत्तिजनक वस्तु (4 पैकेट निरोध) जुमला कीमती 64000 रुपए जब्त कर अपराध सबूत पाए जाने से आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 सीट अधिनियम पूर्ननिर्मित कायम कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 11 नवंबर को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल अभिरक्षा में भेजा गया।

# मोपेड में ले जा रहा था गांजा पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मोपेड में अवैध रूप से गांजा रखकर परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 9 किलो गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 10 नवंबर को मुखबीर से सूचना मिली थी कि फारेस्ट नाका के पास ग्राम हाटबंजा में एक व्यक्ति द्वारा अपने स्कूटी में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा परिवहन किया जा रहा है, जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी को 11 नवंबर को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक शिवशंकर गेंदले, निरीक्षक अनिल शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक टैलेश सिंह, अरविंद सिंह यादव, प्रधान आरक्षक कमलेश श्रीवास्तव, मुनेन्द्र सिंह ठाकुर, आरक्षक त्रिभुवन यदु, शिशुपाल साहू, विभाष सिंह, विनोद पोर्ते, देवलाल, गणेश नेताम, उदयशंकर बरेठ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



### 9 किलो गांजा बरामद

पुलिस ने आरोपी सोमनाथ मंडावी 24 साल साकिन ग्राम सारंगपुर के कब्जे से 9 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 74,700 रुपए एवं एक नग स्कूटी को जब्त किया। पुलिस के अनुसार आरोपी सोमनाथ मंडावी के विरूद्ध अपराध धारा का साक्ष्य पाए जाने पर 10 नवंबर को गिरफ्तार कर थाना छुईखदान में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

# किसानों ने पोस्ट के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** जिला किसान संघ द्वारा अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है। इसी बीच बीते दिनों मुख्यमंत्री ध्यान आकर्षण यात्रा को रोके जाने और किसानों के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री निवास तक नहीं पहुंचने देने के मामले को लेकर आज किसानों ने कृषि उपज मंडी में किसान पंचायत का आयोजन किया। इस दौरान किसानों ने पुलिस और प्रशासन की निंदा की।

अपनी चार प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे किसानों को रोके जाने के बाद किसानों का प्रतिनिधि मंडल कुम्हारी से वापस लौट आया था। ऐसे में अब किसानों द्वारा दिए गए इन ज्ञापनों का क्या करना है और पुलिस एवं प्रशासन द्वारा रोके जाने के मामले को लेकर किसानों ने किसान पंचायत का आयोजन किया। इस किसान पंचायत में उन्होंने अपने ज्ञापन को पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भेजने का निर्णय लिया।



### मांगों को लेकर किसानों का आंदोलन

राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी की राशि, 117 रुपए समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ देते 3217 रुपए में धान खरीदी करने, धान खरीदी की समय अवधि बढ़कर 13 फरवरी तक करने की मांग और ग्रीष्मकालीन धान की फसल लेने के रोक के विरोध में किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### एक मांग का हुआ निराकरण

किसान पंचायत में कहा गया कि चार प्रमुख मांगों में से एक मांग ग्रीष्मकालीन धान की फसल लेने का मामला जिला स्तर पर होने के चलते इस मसले का निराकरण हो गया है, लेकिन अपनी तीन अन्य मांगों को लेकर किसानों ने मुख्यमंत्री को पोस्ट ऑफिस के माध्यम से अपना ज्ञापन प्रेषित किया है।

### प्रशासन ज्ञापन पहुंचाने योग्य नहीं

किसान पंचायत को लेकर प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि किसानों के साथ प्रशासन ने धोखा करते प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री निवास नहीं पहुंचने दिया और कुम्हारी में ही रोक दिया। वहीं मानपुर से आने वाले किसानों को भी स्थानीय पुलिस द्वारा रोका गया। सुदेश टीकम ने कहा कि इन दोनों मामले में पुलिस और प्रशासन की निंदा किसान पंचायत के माध्यम से की गई है। वहीं किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन को पोस्ट ऑफिस के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन को मुख्यमंत्री तक ज्ञापन पहुंचाने के योग्य नहीं मानते हैं। यह संदेश पोस्ट के माध्यम से ज्ञापन भेज कर दे रहे हैं।










## खबर संक्षेप



### प्रणय अग्रवाल बने प्रचार मंत्री

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रचार मंत्री के पद पर प्रणय अग्रवाल को मनोनित किया गया है। पिछले दिनों रायपुर में आयाजित समारोह के दौरान उनकी नियुक्ति की घोषणा की गई। श्री अग्रवाल प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिला प्रतिनिधि, आजीवन सदस्य, श्री कृष्ण गौशाला पिंजरापोल ट्रस्ट में सचिव, अग्रवाल सभा के सचिव, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट में आजीवन सदस्य हैं। श्री अग्रवाल की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### अग्रवाल समाज ने मनाया आंवला नवमीं



**गंडई पंडरिया।** अग्रवाल समाज ने रविवार को आँवला नवमी के अवसर पर अग्रसेन भवन में अन्नकूट, दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर आंवले के वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाजिक भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिकजन मौजूद थे।

### चोरड़ाधाम में पुन्नी मेला 14 से

**सड़क अतरिया।** वनांचल स्थित चोरड़ाधाम में आगामी 14 एवं 15 नवम्बर को पुन्नी मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला को लेकर बीते दिवस मंदिर समिति की बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में चर्चा कर मेला की रुपरेखा तैयार किया गया है। वनांचल के लोग मेला में शामिल होकर आनंद उठाते हैं।

### दिव्यांश को मिला सिल्वर- कांस्य पदक

**सड़क अतरिया।** मापुसा गोवा में गत दिनों दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय



कराटे चैंपियन का आयोजन किया गया। स्पर्धा में सड़क अतरिया निवासी ब्लेक बेल्ट डेन टु दिव्यांश प्रताप सिंह ने हिस्सा लेकर कामयाबी हासिल किया। उसने इवेंट में कांस्य पदक एवं कुमते में रजत पदक हासिल किया। दिव्यांश ने कक्षा 5 वीं से ही मेहनत कर कराटे खेल का सफर शुरू किया था। फिलहाल दिव्यांश कक्षा 11 वी का विद्यार्थी है। वह पूर्व में 3 बार राष्ट्रीय और एक बार अंतर्राष्ट्रीय कराटे मुकाबले में सिल्वर मेडल अर्जित कर चुका है। दिव्यांश के पिता दिलीप सिंह एवं माता शिक्षक हैं।

## शिविर में सुलझी ग्रामीणों की समस्याएं

# स्वच्छता के लिए मानपुर को मिला ई-रिक्शा और ट्रैक्टर

### जिला प्रशासन पहुंचा ग्राम पंचायत ढब्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मानपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत ढब्बा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर, प्रधानमंत्री आवास मेला और जागो वोटर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजित शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी देने के साथ अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया।

शिविर में 86 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हे संबंधित विभाग में भेजने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। शिविर में डीएमएफ मद से ग्राम पंचायत मानपुर को दो ई-रिक्शा एवं एक ट्रैक्टर प्रदान किया गया।




#### स्वच्छता दीदियों का सम्मान

शिविर में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली दीदियों को स्वच्छता किट प्रदान किया गया। तीन हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड दिया गया। शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले स्कूलों के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।जनपद अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मंडावी ने नागरिकों से अपील की कि वह शिविर में स्थाई रूप से न बैठें, बल्कि अपनी समस्याओं को संबंधित विभागों में जाकर आवेदन देकर अधिकारियों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करें ताकि अड़चन न आए। जिला पंचायत सदस्य राधिका अंधारे ने कहा कि यह शिविर क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। इसमे अधिकारी समस्याएं सुनने के साथ ही योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं।

#### समाधान का उचित मंच

इस अवसर पर पूर्व विधायक संजीव शाह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान और उन्हें शासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करना और उन्हें शासन से संबंधित जानकारी देना है। इस अवसर पर रेणुका टांडिया, सनारोबाई, राजु लाटिया, प्रमिला तुलावी, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, जनपद सीईओ मोहम्मद हनिश, मदन साहू, भोजेश शाह मंडावी सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्कूल में पॉक्सो एक्ट और बाल संरक्षण पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुज्जी

- साईबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील, बच्चों को दी कानूनी जानकारी

स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में पाक्सो एक्ट एवं बाल संरक्षण विषय पर विशेष न्यायाधीश अविनाश तिवारी के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह, अधिवक्ता महेन्द्र सिंह ठाकुर, एसआई डीके रावटे, प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू सहित शिक्षक शामिल हुए।

विशेष न्यायाधीश अविनाश तिवारी ने छात्रों को पाक्सो एक्ट, बाल संरक्षण अधिनियम की जानकारी दिया। उन्होंने छात्रों को बताया कि 18 वर्ष से पहले कोई भी लड़की किसी लड़के के साथ अपनी सहमति से चली जाती है तो भी इसे कानून स्वीकार नहीं करता और इसमें पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही होती है। उन्होंने बताया कि किसी भी छात्रा से दैहिक या सेक्शुअल हरकत होती है और यदि संकोचवश किसी को नहीं बता पा रहे हैं तो स्कूल में पॉक्सो बॉक्स होता है जिसमे घटना की जानकारी लिखकर डाल सकते हैं।

थाना प्रभारी श्री शाह ने सायबर अपराधों पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने बताया कि फेसबुक और इंस्टाग्राम में युवक युवतियों का परिचय होता है और यही परिचय प्यार मोहब्बत में बदल जाता है फिर ऐसे प्रकरणों में धोखाधड़ी होती है, इसलिए इसे प्रकरणों से बचकर रहना चाहिए।

अधिवक्ता श्री ठाकुर ने ने भी पाक्सो एक्ट और बाल संरक्षण के प्रावधानों की जानकारी दिया। अंत में प्रभारी प्राचार्य श्री साहू ने आभार ज्ञापन किया। संचालन रूपेश नागपुरे ने किया। इस अवसर पर शिक्षक ढालेंद्र सिंह कोल, अर्जुन सोनी, अनिल रामटेके, सुषमा ऊके, मंदीप कौर भाटिया, मोहनलाल मंडावी, सुमन शुक्ला, कीर्ति शर्मा, रैना देवांगन आदि उपस्थित थे।

# भड़भड़ी जंगल में दिखा तेंदुआ सीसीटीवी कैमरे में तस्वीर कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

भड़भड़ी जंगल में तेंदुआ होने की सीसीटीवी के फुटेज से पुष्टि हुई है। तेंदुआ की पुष्टि होने के बाद वन विभाग से मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्कता बरतने कहा है। जानकारी के अनुसार भड़भड़ी जंगल से लगा हुआ वकील रमाकांत चौबे का मकान है जहां पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगा है।

उक्त कैमरे में तेंदुए देखा गया है। बीते 4 नवम्बर सहित अन्य दिनों के फुटेज में तेंदुए देखा गया। वकील रमाकांत साहू ने बताया कि मकान के आस पास 2- 3 कुत्ते रहते थे। जब से तेंदुआ आया है तब से कुत्ते भी गायब हो गए हैं। उन्होंने बताया कि दूरपता मंदिर के पास किसी जानवर को घसीटने का निशान देखा गया है। सीसीटीवी के फुटेज में तेंदुआ नुमा जानवर की आकृति नजर आता है परंतु अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है कि वह तेंदुआ है या कोई अन्य जानवर।



#### तस्वीर स्पष्ट नहीं

वन विभाग के रेंजर सलीम कुरैशी ने बताया कि तेंदुआ है या नहीं अब तक स्पष्ट नहीं है। एहतियात के तौर पर आसपास गांवों में मुनादी करवाया गया है।

### संगठन चुनाव पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद संगठन चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। रविवार को साहू धर्मशाला में संगठन चुनाव, सदस्यता अभियान को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जिला संगठन चुनाव सह प्रभारी दिलीप वर्मा, मंडल चुनाव सहयोगी लखन कलामे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण यादव, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंगी उपस्थित थे।

# रोहित बने मानस प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष

- झलमला सम्मेलन में कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

झलमला में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रदेश संगठन ने दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में संरक्षक एवं पूर्व सांसद मोहन मंडावी प्रमुख रूप से शामिल हुए। श्री मंडावी की उपस्थिति में प्रदेश पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

जगदीश देशमुख को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। घिरघोली निवासी रोहित जंघेल को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपा गया है।

श्री जंघेल को गोपाल वर्मा, जगदीश देशमुख, छगन यादव, पुरुषोत्तम राजपूत, मुन्नालाल देवदास, एमएल यादव, सुभाष यादव, रोहित जंघेल, शीतल साहू, योगेश कश्यप , दीप्ति पांडे ,पोषण शुक्ला, केआर गजबल्ला, हृदयराम शोरी, कांशीराम जैन, लिलार सिंहा, प्रदीप कुलदीप, राजेंद्र सिंह ठाकुर,राजेंद्र लोचन तिवारी, शीतलदास मानिकपुरी, प्रवीण अग्निहोत्री, पुष्पा मिश्रा, बलराम साहू, छबिलाल सार्वा, गजपति साहू, रामकुमार साहू, दीपकदास मानिकपुरी, रामचंद्र विश्वकर्मा, नंदकुमार साहू, बीआर बेलसर, जयकांत पटेल, जीएल खुरश्याम, चेतन, दुलार देवांगन, गजेंद्र साहू, जितेंद्र पटेल, गजेंद्र साहू , सर्वेन्द्र विनायक आदि ने बधाई दी है।



# विकास में शिक्षा की खास भूमिका




**डोंगरगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुषमा सावंत एवं तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अनिश दुबे के मार्गदर्शन में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डीके बडोके ने किया। शिविर में पीएलवी अशोक पाण्डेय ने बताया कि 11 नवंबर को मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद के जन्मदिन को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति और समाज दोनों को आकार देने में एजुकेशन की भूमिका मुख्य है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भी इसीलिए मनाया जाता है ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके। पीएलवी पवन कुमार ने लोक अदालत तथा साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। विद्यार्थियो को पाक्सो कानून, बालश्रम तथा नए कानून आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षक, अशोक पाण्डेय, पवन कुमार शामिल हुए।

# पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में विधिक सेवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक स्कूल के विज्ञान भवन में शनिवार को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिविसेप्राधि राजनांदगॉव अध्यक्ष सुषमा सावंत के निर्देशानुसार विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ डीजे चन्द्र कुमार कश्यप, जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन व प्राचार्य रोशन लाल वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डीजे चन्द्र कुमार कश्यप ने उपस्थित छात्र-छात्राओं व शाला स्टाफ को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि समाज के पिछड़े व वंचित वर्ग को सुलभ और उत्तम न्याय प्रदान कराने में प्राधिकरण की अहम भूमिका होती है जो तालुका न्यायालय से लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक सेवा प्रदान करती है। इस अधिनियम के माध्यम से पिछड़े हुए वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, विकलांग व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता पाने का अधिकार दिया गया है। किसी भी प्रकार से किसी विकलांग या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को न्याय से वंचित नहीं रखा जा सकता है। न्याय प्राप्त करने का जितना अधिकार अमीर या किसी सामान्य वर्ग के व्यक्ति को है उतना ही अधिकार एक आम व्यक्ति को भी है। इसमे बिना भेदभाव किए सभी को सामन रूप से अवसर दिया गया है। उन्होने स्कूली बच्चों को मोबाईल के माध्यम से होने वाले अपराध के संबंध में आईटी एक्ट के प्रावधानों की जानकारी साथ उन्होने लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, पॉक्सो एक्ट के अलावा बच्चों को गुड टच बैड टच की जानकारी दी।



#### वाहन के दस्तावेज साथ रखें

ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट गुरु प्रसाद देवांगन ने संविधान निर्माण मौलिक अधिकार और कर्तव्य संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कैरियर गाइडेंस दिया। यातायात प्रभारी शक्ति सिंह ने मोटरयान अधिनियम के संबंध में कहा कि गाड़ी चलाने के लिए आपके पास आवश्यक दस्तावेजों में इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, फिटनेस सर्टिफिकेट होना आवश्यक है साथ ही जो गाड़ी आप चला रहे हैं उस गाड़ी का दस्तावेज होना अनिवार्य है। पीएलवी गोलूदास साहू ने साइबर अपराध के अंतर्गत होने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अरेस्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। शिविर संचालन पीएलवी गोलूदास साहू और आभार प्राचार्य रोशन लाल वर्मा ने किया। इस अवसर पर अनुराग सिंह, किरण सिंह, सुनील गुनी, हेमलाल कौशिक, शालिनी सिंह, आशीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## चांदों में रासेयो शिविर का आयोजन, समापन आज

# बदलाव के लिए चेतना जागृत कर रहे रासेयो स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

छुरिया ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम चांदो में विभिन्न गांव और आयु वर्ग के युवा अपनी क्षमता का उपयोग कर विभिन्न गतिविधियों के जरिए सामाजिक सरोकार को पूरा करने के साथ लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति आदि का सबक सिखा रहे हैं।

गौतलब है कि स्थानीय बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय की रासेयों बालक- बालिका इकाई ने चांदो में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया है। प्राचार्य डॉ बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशाराम साहू, प्रियांकी गजभिये के नेतृत्व में आयोजत शिविर की शुरुवात 7 नवंबर को हुई। यह शिविर कल 12 नवंबर तक चलेगा। शिविर में शिरकत करने वाले स्वयंसेवक इन दिनों विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गांव में अलख जगाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह प्रार्थना और दैनिक क्रिया से निवृत होने के बाद सभी स्वयं सेवक अपने मिशन में जुट जाते हैं।



#### योग से निरोग

यह युवा स्वयं की सेहत की चिंता करने के साथ ग्रामीणों को नियमित रूप से योग और व्यायाम करने का संदेश दे रहे हैं। जिसके बाद शिविरार्थी रचनात्मक गतिविधियों में जुट जाते हैं। रविवार को किरण साहू, हिना चुरेंद्र, भूमिका साहू, सुरेखा, हिना पटेल, पलक शांडिल्य, सानिया, भावेश, शोभित, मेहुल आदि ने नारा लेखन कर स्वच्छता, पर्यावरण संरकक्षण, पौधेरोपण, नशा से निजात का संदेश दिया साथ ही पक्षियों की चिंता करते हुए उनके लिए घोषला बनाया।



#### जिम्मेदारी का निर्वहन

अपने घर और परिजनों से दूर रहकर शिविरार्थी कैंप में अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। हर दल को एक दिन खाना बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। सोमवार को दल क्रमांक 4 जिसमे 15 सदस्य हैं अन्य के लिए खाना बना रहा था। दल में शामिल सुमन, मुस्कान, अंकुश, काजल, आकाश, पूजा, उर्मिला, हेमंत, कनिष्का आदि सुबह का नाश्ता बनाने के बाद रोटी, चावल, डाल, सब्जी आदि बनाने पूरी शिद्दत से जुटे थे।

#### राष्ट्रीय और सामाजिक जिम्मेदारी

प्रतिदिन बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया जाता हैं जिसमे विषय विशेषज्ञ सहित अन्य हिस्सा लेते हुए जीवन का महत्व, नशामुक्ति, खेती किसानी, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, समाजिक जिम्मेदारी सहित अन्य विषयों पर प्रकाश डालते हैं। शिविर में पद्मश्री फूलबासन यादव, महिला उद्यमी खिलेश्वरी साहू, कार्यक्रम अधिकारी करूणा रावटे, हेमचंद विवि दुर्ग के कुल सचिव भूपेंद्र कुलदीप, डां आरपी अग्रवाल, डां बीरेन्द्र साहू, विवि के वित्त अधिकारी सुशील गजभिए, जनपद सीईओ होरीलाल साहू सहित सहायक प्राध्यापक डॉ एके धमगाए, डॉ. चेतन साहू, डॉ.सीके साहू आदि हिस्सा लेकर विद्यार्थियों और ग्रामीणों की सोच में बदलाव लाने का प्रयास कर चुके हैं।

# स्काउट- गाईड दल दार्जिलिंग रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

राज्य स्तरीय पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन व्यक्तित्व विकास शिविर कुसरांग दार्जलिंग कल 12 से 16 नवम्बर तक राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित है।

राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोलछा, जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, महेश खंडेलवाल, डीईओ प्रवास कुमार सिंह बघेल के निर्देशन में जिला के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर रवाना हुए। उन्हे टोमन साहू, महेश खंडेलवाल, आलोक बिंदल ने मंगल मय यात्रा की कामना करते हुए रवाना किया।

इस दल में उच्चतर माध्यमिक शाला बघेरा, ठाकुर प्यारेलाल शाला, महारानी लक्ष्मीबाई माध्यमिक शाला, वेसलियन स्कूल, डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र माध्यमिक शाला, चारभांठा, बोरतलाव, मुरमुंदा, मुसरा, जंगलपुर, साल्हे, करमरी, गिदर्री स्कूल के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर शामिल हैं। यह दल जिला प्रभारी राजा राम देवांगन, मीना पटेल के नेतृत्व में शिरकत करेगा। इस अवसर पर मयूख श्रीवास्तव, टोमन पटेल, संतराम साहू, जीपी नेताम, सुरेश साहू, तिलेश्वर बघेल, कीर्ति साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## सार समाचार

### चैम्पियनशिप में गायत्री विद्यापीठ अव्वल



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ स्टेट योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में अव्वल रहा। बीते 26 व 27 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न विद्यार्थियों ने अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से 40 मेडल प्राप्त किए। जिसमें 23 गोल्ड मेडल, 13 सिल्वर मेडल एवं 4 ब्रांज मेडल शामिल है। उक्त मेडल छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ द्वारा प्रदान किया गया। जिसमें शाला की योग शिक्षिका भारती साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी को गौरवान्वित किया। विजेता विद्यार्थियों में कक्षा 6वीं से प्रवेश देवांगन, नयन देवांगन, अनन्या राजपूत, जोया फातिमा, संध्या साहू, रेणु साहू, शिवानी पांडे, वैष्णवी वर्मा, 7वीं से साहित्य देवांगन, उत्कर्ष निर्मलकर, चैतन्य चन्द्राकर, वैष्णवी रंगारी, यथार्थ कश्यप, अंतोरा मैती, अक्षरा गौतम, रागिनी भट्टाचार्य, आस्था साहू, 9वीं से आकृति महोबिया, 10वीं से शिका गौतम, तान्या शर्मा, 12वीं से मोहित सोनी शामिल हैं। उक्त विद्यार्थियों ने अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया एवं सभी को नियमित योग, ध्यान, प्राणायाम के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य शैलजा नायर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों द्वारा योग शिक्षिका भारती साहू एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### जिपं सीईओ ने स्वीकृत आवासों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोटरासरार, जंगलपुर, रामपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी स्वीकृत आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने अप्रारंभ एवं निर्माणाधीन आवास हितग्राहियों को सामूहिक रूप से सामग्री खरीदने, ग्राम पंचायत में मेसन की उपलब्धता एवं मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने आवास निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रारंभ आवास निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ करने एवं जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक एवं संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्य में तत्काल प्रगति लाने निर्देश दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, आवास नोडल तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित थे।

### पांच कलाकार सम्मानित

**राजनांदगांव।** मां लक्ष्मी युवा संगठन ठेठवार लझिया के तत्वावधान में



आयोजित मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें लोक रिकार्डिंग डांस संस्था रंग बसंत सुरगी की प्रस्तुति हुआ। जिसके पांच कलाकार को कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालक संचालक गोपाल यादव, सिघोलिया उदघोषक राकेश साहू, नृत्य कलाकार राम यादव, कुसुम ठाकुर एवं पूजा यादव का सम्मान हुआ। इनका सम्मान करते आयोजक परिवार एवं आयोजक समिति के मुखिया बबलू खोब्रागढ़े ने बताया कि रंग बसंत परिवार सुरगी के लगातार कई गांवों में प्रस्तुति रहता है। साथ ही ये पांच कलाकार विशेष रूप से छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु देश के कई राज्यों में अपनी प्रस्तुति दी है। साथ ही कई फिल्म एवं शार्ट फिल्म में काम किया है और कलाकारों ने सम्मान करते गर्व महसूस किया।

### मकरनपुर में मड़ई आज

**राजनांदगांव।** ग्राम मकरनपुर में कल 12 नवंबर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीणों ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### निधन



#### श्रीमती भागवती वर्मा

**मुसराकला।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पारागांवखुर्द की पूर्व सरपंच श्रीमती भागवती वर्मा का बीते दिवस निधन हो गया। वे क्षेत्र के जनपद सदस्य लक्ष्मीनारायण वर्मा की माता थी। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। पति हीरालाल वर्मा ने मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे दो पुत्र लक्ष्मीनारायण व तिलकराम सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनके निधन पर लोधी समाज, विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## ग्रामीणों ने पुलिसिया कार्रवाई को बताया गलत

# पशु तस्करी का मामला, पूर्व सरपंच को आरोपी बनाने से ग्रामीण नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गातापार जंगल थाना क्षेत्र में दर्ज पशु तस्करी मामले में मुढ़ीपार के पूर्व सरपंच व वर्तमान सरपंच पति घनश्याम साहू को आरोपी बनाए जाने से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को सार्वजनिक बैठक आयोजित कर पुलिस कारवाई को पूरी तरह से गलत बताया। दाऊ भूपेन्द्र सिंह, जलेंद्र साहू, सुनील जैन, नरोत्तम सिंहा, भारतभूषण सिंहा, केशव साहू, प्रेमलाल सिंहा, मूलचंद जैन, समयलाल ठाकुर, जीतलाल बंधे, नोहर बर्मन, सुकलाल बर्मन सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने पशु तस्करी मामले में पुलिस द्वारा पूर्व सरपंच घनश्याम सिंहा को आरोपी बनाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से गलत है।

उन्होंने कहा कि जुलाई महीने में आसपास के गावों से डेढ़ सौ से उपर मवेशी छोड़ने के कारण पंद्रह दिनों तक फसल नुकसानी से परेशान होने पर गॉव में चौपाल लगाकर आवारा मवेशियों को पकड़ने और पुरानी गोहड़ी परंपरानुसार महुआढार में पुनीत के पास छोड़ने का निर्णय लिया गया था इसकी सूचना भी उनके द्वारा गातापार जंगल थाना में दी गई, लेकिन जब पचास से उपर लोगों का समूह जानवरों को हकालते जंगल ले जा रहा था उस दौरान आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा पशु तस्करी की झूठी भ्रामक जानकारी फैला दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जानवरों को अपने कब्जे मे लिया और सारे जानवरों को वापस ले जाने कहा। जिसके बाद सरपंच घनश्याम सिंहा अन्य ग्रामीणों के साथ जानवर लेकर वापस लौट गया। बाद में कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन देकर आवरा पशुओं के लिए व्यवस्था बनाने की मांग पर गातापार जंगल थाना प्रभारी के साथ आधा दर्जन बड़े बड़े वाहनों में भरकर जानवरों को बैतालरानी घाट से लगे जंगल मे छोड़ा गया।





### सिर्फ घनश्याम ही नहीं पूरा गांव है दोषी!

पशु तस्करी वाले मामले मे पूर्व सरपंच का नाम आने से पूरे मुढ़ीपार गॉव के लोगों की नाराजगी पुलिसिया कारवाई को लेकर बैठक में नजर आई। कई बार पुलिस के खिलाफ नारेबाजी हुई तो अनेक दफे कारवाई को राजनैतिक षड़यंत्र बताया गया। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा पशुओं से गॉव को निजात दिलाने फसलों को बचाने पूरे गॉव ने एकमत होकर फैसला लिया था और पूर्व सरपंच को जिममेदारी सौंपी थी इसलिए पुलिस को चाहिए कि घनश्याम सिंहा के साथ साथ पूरे गॉव को आरोपी बनाए अन्यथा नाम विलोपित करे नही तो मुढ़ीपार बंद, सड़क बंद जैसा रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। बैठक में महज लगभग सभी ग्रामीणों ने अपनी बात और राय रखी जिसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूरा गॉव घनश्याम सिंहा के साथ खड़ा है। दो दिन पहले भी इसी मामले मे सिंहा कलार समाज अध्यक्ष दीनदयाल सिंहा सहित अन्य ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नए सिरे से जॉच की मांग की है।

### बिना जाने सरगना से बात करना पड़ा महंगा

ग्रामीणों ने कहा कि मुढ़ीपार से पचास से ज्यादा लोगों ने कलेक्टर और एसपी आफिस पहुंचकर जुलाई महीने में ही गोहड़ी परंपरानुसार जानवर ले जाने वालो पर कारवाई रोकने आवेदन दिया जिस पर जॉच का आश्वासन मिला, लेकिन मंगलवार को एसपी द्वारा पशु तस्करी के अंतर्राज्यीय मामले में घनश्याम सिंहा को आरोपी बताए जाने से ग्रामीण हतप्रभ है उनका कहना है कि पुलिस ने किस आधार पर घनश्याम को आरोपी बनाया समझ से परे है। उन्होंने पूरे मामले की नए सिरे से गंभीरता से जॉचकर आरोपियों की सूची से घनश्याम सिंहा का नाम विलोपित नही करने पर ग्राम बंद के अलावा चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया है। पूर्व सरपंच घनश्याम साहू ने बताया कि सर्रागोंदी के कुछ किसानों द्वारा पचास से उपर मवेशियो को गॉव की सरहद पर छोड़ दिया गया था जिसे गोहड़ी परंपरानुसार पुनीत टेकाम को देने का फैसला भी बैठक में लिया गया था। जानवरों की संख्या ज्यादा होने की बात पर विष्णु यादव को भी जानवार देने की जानकारी पुनीत ने दी जिसके बाद सभी जानवर लेकर जंगल की ओर जा रहे थे। निर्धारित जगह पर पुनीत के नही मिलने पर उसने उसके दिए नंबर पर फोन लगाया लेकिन कोई बात नही हुई। बोरला के आसपास पुलिस ने पकड़ा और सभी जानवरों को वापस ले जाने कहा। घनश्याम सिहां ने कहा कि बाद में एसडीएम के आदेश पर सभी जानवरों को जंगल छोड़ा गया लेकिन महज पशु तस्करी के सरगना सबर अली के मोबाईल नंबर मे बात करने के कारण पुलिस उसे आरोपी बना रही है।

## बादराटोला में विकास कार्यों का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खुज्जी क्षेत्र के ग्राम बादराटोला में विधायक भोलाराम साहू ने पूजा-अर्चना कर नव-निर्माण यात्री प्रतीक्षालय एवं शासकीय प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष तथा डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू द्वारा स्व. जोहनलाल साहू की स्मृति में प्रदत्त परिक्षेत्र साहू समाज का सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर पट्टिका का अनावरण किया।

कार्यक्रम में भुनेश्वर साहू, नीलमणी साहू, हिरेन्द्र साहू, गोपाल साहू, गिरधारी साहू, भेषबाई साहू, ज्ञानचंद साहू, जोधीराम साहू, डुमेश्वर साहू, बालकिशन साहू, भारत साहू, देवेंद्र साहू, त्रिलोचन साहू, भुवन साहू, पार्वती दिलेश्वर साहू, उषाबाई चंद्रवंशी, नलेन्द्र कुमार साहू, नरेंद्र साहू, हिरमत साहू, कामता प्रसाद साहू, शोभाराम साहू, टूमेश्वर ठाकरे एवं साहू समाज के अन्य पदाधिकारीगण, पंचगण तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शोभायात्रा आज

**राजनांदगांव।** आज महान शक्ति अन्नपूर्णा मात मेला महोत्सव देवउठनी एकादशी के अवसर पर ग्राम मकरनपुर सुकुलदैहान में मातर मंडई व शोभायात्रा ग्रामवासियों द्वारा निकाली जाएगी। मेला का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। आयोजक कुंतीबाई माता एवं ग्रामवासी मकरनपुर होंगे।

## हैंडबाल स्पर्धा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** अजीज पब्लिक स्कूल इंदमारा राजनांदगांव में 10 नवंबर को 46वीं राज्य स्तरीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता 19 वर्ष बालिका का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 12 टीमों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव की टीम का दबदबा कायम रहा और राजनांदगांव की टीम विजय रही। वहीं दूसरे स्थान में भी राजनांदगांव हैंडबॉल क्लब की टीम ने अपना स्थान बनाया। तीसरे स्थान में बिलासपुर की टीम रही। प्रतियोगिता के आयोजक अजीज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि यह प्रतियोगिता अजीज पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी। जिसमें खिलाड़ियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक शानदार आयोजन का लुत्फ खिलाड़ियों ने उठाया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अजीज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सचिन ठाकुर, छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के सचिव प्रिंस मिश्रा, अध्यक्ष अशीष पांडे, सह-सचिव हसन रजा एवं शाहरूख खान शामिल हुए। अतिथियों ने



स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया और उनके अच्छे खेल के लिए उनको बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते आशीर्वाद प्रदान किया। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी तमिलनाडु में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने और अपना प्रदर्शन करने छत्तीसगढ़ की टीम का हिस्सा बनेंगे। राजनांदगांव टीम के कोच रजा कुरैशी, राजाराम, कृष्णा तिवारी, कुणाल यादव के नेतृत्व में राजनांदगांव की टीम का गठन किया गया था।

## अभिषेक समस्याओं से हुए रूबरू

**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर शहर में दिनभर रहे। उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर की जनसमस्या से रूबरू होकर वहां कार्यरत लोगों से चर्चा की। साथ ही श्री सिंह ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों से भी मुलाकात कर उनके साथ बैठक की तथा पूरे परिसर में व्याप्त समस्याओं का मुआयना किया।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार इस दरमियान श्री सिंह को सड़क व पानी की समस्या से लोगों ने अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि शहर की महत्वकांक्षी परियोजना के तहत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने 8 वर्ष पूर्व ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की थी। जिससे ट्रांसपोर्ट नगर पूरी तरह आबाद हो गया था, किन्तु स्थापना के बाद रख-रखाव की तरफ किसी का ध्यान नहीं था, इसे समझकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचे, वहां के



लोगों से मेल-मुलाकात की, बैठक किया तथा नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर ट्रांसपोर्ट नगर में व्याप्त समस्याओं को दुरूस्त करने निर्देश दिया। इस दौरान श्री सिंह के साथ भाजपा उत्तर व दक्षिण मंडल के अध्यक्ष अतुल राजयादा व तरूण लहरवानी, गिन्नी चावला, सुमीत भाटिया, प्रवीण शुक्ला, हर्ष रामटेके सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में विश्व सेवा दिवस कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा महाविद्यालय में 8 नवंबर को विश्व सेवा दिवस मनाया गया। जिसमें ''सार्वजनिक सेवाएं और विकास'' थीम पर गोलमेज चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुण का जश्न मनाना है। विकास प्रक्रिया में सार्वजनिक सेवा के योगदान को उजागर करना, लोक सेवकों के काम को मान्यता देना और युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में करियर बनाने प्रोत्साहित करना। वाणिज्य विभाग के छात्रों ने इस विश्व सेवा दिवस के अवसर पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम ने छात्रों को



अपने देश के प्रति युवाओं के कौशल का प्रदर्शन करने का मौका दिया। इसका आयोजन जागरूकता फैलाने, ज्ञान साझा करने, सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करने किया गया है। संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस भी इन्हीं महत्वपूर्ण दिवसों में से एक है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सार्वजनिक सेवा के मूल्यों और नैतिकता को बढ़ावा देना है। इसमें छात्रों को समाज के प्रति दुनिया में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करना है।



**राजनांदगांव।** खाटू श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकली, जो शहर के श्री श्यामकुटी से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रामदरबार चौक स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंची।

# नीदरलैंड-बेल्जियम में बेटियां दिखाएंगी जौहर

- प्रदेश की बेटियों ने बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बैंगलोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जूनियर इंडिया कोर टीम में शामिल प्रदेश की अनिशा साहू और गीता यादव का चयन नीदरलैंड और बेल्जियम में खेले जाने वाले अभ्यास मैच के लिए किया गया है।

यह टूर आने वाले समय में आयोजित जूनियर महिला एशिया कप 2024 व जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को लेकर किया जा रहा है। इसमें 24 सदस्यी टीम में से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन आने वाले समय में आयोजित होने वाले जूनियर महिला एशिया कप 2024 व जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए किया जाएगा। ज्ञात हो कि अनिशा साहू विगत 4 वर्षों से जूनियर टीम की सदस्य






के रूप में शामिल है तथा गीता यादव हाल ही में जूनियर इंडिया टीम के सदस्य के रूप में शामिल हुई है। उन्होंने अपने खेल के प्रदर्शन के आधार पर यह जगह बनाई है।

अनिशा साहू और गीता यादव के नीदरलैंड और बेल्जियम टूर में चयन होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत टांकाराम वर्मा, विक्रम सिसोदिया, तनुजा सलामे, मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, हेमा देशमुख, फिरोज अंसारी, मनीष श्रीवास्तव, ए एक्का, हरिंदर सिंग, विनीत नावघरे, गोपेस्वर कहरा, राजेश मंडावी, आशा थॉमस, नीलमचंद जैन, अमिताभ मानिकपुरी, गजेंद्र शर्मा, अंसार अहमद, शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, भूषण साव, नरेश डाकलिया, गणेश प्रसाद शर्मा, ज्ञानचंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे, अशोक नागवंशी, अनिल यादव, कुमार स्वामी, रौबीन गाठलीब, दीपक यादव, आशिष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, जावेद खान, छोटेलाल रामटेके, विरेन्द्र सिंग भाटिया, संतोष चोकन्द्रे, खुशाल यादव, सचिन खोब्रागढे, विकास वैष्णाव, चंद्रहास साहू, राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, संजीव पटेल अब्दुल कादिर, राजेश निर्मलकर, शकील अहमद, किशोर धीवर, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, संदीप यादव, अभिनव मिश्रा, दीपेश चौबे, कृष्णा यादव सहित छत्तीसगढ़ के हॉकीप्रेमियों और खिलाड़ियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### एचआईएल में बनाया स्थान

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया की हॉल ही में 17 मई से 01 जुलाई तक आयोजित साइड टूर में अनिशा साहू ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा किया था। यह उसका दूसरा दौरा होगा, जो जूनियर महिला इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी। साथ ही गीता यादव ने बहुत कम समय में यह मुकाम हासिल की है, जो 1 वर्ष के भीतर ही टीम में अपना स्थान बनाते नीदरलैंड और बेल्जियम का दौरा करेगी। इसी के साथ ही आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाली एचआईएल में भी अपना स्थान बनाया है। वह दिल्ली एजजी पाइपर्स की टीम से खेलते नजर आएगी।

### उपलब्धि पर प्रदेश गौरवान्वित

छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह गर्व का विषय है कि आज प्रदेश की दो बेटियां देश के लिए खेलने जा रही है। गीता यादव कबीरधाम जिले के ग्राम बोड़ला की रहले वाली है। वह शुरूआती दौर में राजनांदगांव हॉकी स्टेडियम में हॉकी के गुण सीखी है तथा 3 वर्ष तक राजनांदगांव में रहकर हॉकी की बारीकियां सीखकर अपनी पहचान बनाई। उसके बाद उसका चयन खेलो इंडिया सेंटर बहतराई बिलासपुर के लिए हुआ था। दोनों ही खिलाड़ी विगत कई वर्षों तक छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा प्रदेश गौरवान्वित है।

## अमित को मिली डॉक्टोरेट की उपाधि

**राजनांदगांव।** इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर ने कृषि अभियांत्रिकी (कृषि यंत्र एवं शक्त अभियांत्रिकी) विषय में अमित



नामदेव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। वे स्व. गजेंद्र नामदेव एवं श्रीमती वीणा नामदेव के सुपुत्र है। उनके शोध के प्रमुख सलाहकार डॉ. वीएम विक्टर हैं, उनके ही निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया। इनके शोध कार्य में सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. आरके नायक, डॉ. डी. खलखो, डॉ. जीएल शर्मा एवं डॉ. एके दवे रहे। इनके पीएचडी शोध का शीर्षक प्याज के बीज बुवाई हेतु ट्रैक्टर चलित यंत्र की संरचना एवं विकास था। वर्तमान में अमित नामदेव रोपण मासिक कृषि पत्रिका के संपादक एवं रोपण पब्लिकेशन के प्रकाशक हैं।

